an>

Title: Need to provide adequate medical facilites in hospital under the administrative control of Ministry of Coal in Dhanbad parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद (झारखण्ड) में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्र सरकार द्वारा संचालित अस्पताल है, जिसमें एक लम्बी अवधि से चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्राध्यापक (प्रो.) चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। यही नहीं इस अस्पताल में उच्च श्रेणी के चिकित्सकीय उपकरण भी उपलब्ध नहीं है, जिससे कि यहां रहने वाले सभी कोयला कर्मियों व अन्य धनबाद के नागरिकों को अत्यंत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं उचित चिकित्सा उपलब्ध न होने के कारण यहां के नागरिकों को धनबाद से बाहर, रिम्स रांची, सी.एम.सी., वेल्लौर व दिल्ली, मुम्बई जैसे स्थानों पर अधिक धनराशि व्यय कर अपनी चिकित्सा करानी पड़ती है। एक बीमार व्यक्ति के लिए यह और भी ज्यादा दुखदायक व असुविधाजनक होता है।

अतः मेरा माननीय कोयला मंत्री, भारत सरकार से विनम्र आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद (झारखण्ड) में स्थित कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्र सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्राध्यापक (प्रो.) चिकित्सकों सहित सभी आधुनिक जांच उपकरण, चिकित्सकीय उपकरण, शल्यशाला (ऑपरेशन थियेटर) का नवीनीकरण कराकर निर्माण कराने का कष्ट करें, जिससे वर्तमान में आ रही दिक्कतों का जनहित में समाधान हो सके।